# TARKESHWAR NARAIN AGRAWAL COLLEGE OF EDUCATION

## (Autonomous)


HARIGAON, ARA, (BHOJPUR) BIHAR

(Affiliated to Aryabhatta Knowledge University, Patna & Bihar School Examination Board, Patna)

(UGC Recognition under section 2(f), ISO 9001:2015 Certified Institution & NAAC Accredited with Grade "B")

Website: tnace.ac.in Email: info@tnace.ac.in


# E-NEWS BULLETIN

## 16th Edition

## October to December – 2025




## Courses

**B.Ed., D.El.Ed., B.B.A., B.C.A & MA in Education**

Mob- 9507865058, 7070091227

A unit of Tarkeshwar Narain Agrawal Educational & Social Welfare Foundation, Ara, Bhojpur







| *Editor*<br>*Mr. Rajaee Kumar*<br>*Asst. Prof.*<br>*T.N.A.C.E.,Harigaon* | *Chief Editor*<br>*Dr. Rahul Kumar Pandey*<br>*Principal*<br>*T.N.A.C.E.,Harigaon* | *Patron*<br>*Dr. Krishna Murari Agrawal*<br>*Chairman*<br>T.N.A.C.E.,Harigaon |
|---|---|---|

**TYPING &DESIGING: -*Rajaee Kumar (Asst.Prof.)***

**Contributor:**Mr.Pramod Kumar, Smt.Nilam Kumari,

# संदेश

मुझे अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है कि तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरिगांव की गतिविधियों, उपलब्धियों एवं नवाचारों को समर्पित यह ई-न्यूज़ ऑनलाइन समाचार पत्रिका अपने 16 वें संस्करण तक पहुँच चुकी है। यह डिजिटल माध्यम न केवल हमारे कार्यों की पारदर्शिता को सुदृढ़ करता है, बल्कि विचारों के आदान-प्रदान और ज्ञान के विस्तार का भी सशक्त मंच प्रदान करता है।

आज के तकनीकी युग में सूचना का त्वरित, सटीक एवं सार्थक संप्रेषण अत्यंत आवश्यक है। यह ई-न्यूज़ हमारे शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं समस्त हितधारकों के रचनात्मक प्रयासों, शैक्षणिक प्रगति तथा संस्थागत उपलब्धियों का प्रतिबिंब है। मुझे विश्वास है कि इसमें प्रकाशित सामग्री आप सभी को प्रेरित करेगी और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करेगी।

मैं इस ई-न्यूज़ के सफल प्रकाशन हेतु संपादकीय टीम एवं इससे जुड़े सभी सहयोगियों को हार्दिक बधाई देता हूँ। साथ ही आशा करता हूँ कि भविष्य में भी आप सभी का सहयोग, सुझाव एवं सहभागिता हमें निरंतर प्राप्त होती रहेगी।



**डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल**
अध्यक्ष
*तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरिगांव*

# संदेश

**यह मेरे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि हमारे महाविद्यालय में हर तिमाही ऑनलाइन समाचार पत्रिका का 15 वां संस्करण की भाँति इसबार भी 16 वां संस्करण समाचार पत्रिका प्रकशित करने जा रहा है**

**हमारे संस्थान की शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक एवं नवाचारपूर्ण गतिविधियों को समर्पित इस ई-न्यूज़ के प्रकाशन पर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। यह ई-न्यूज़ हमारे संस्थान में हो रहे निरंतर प्रयासों, उपलब्धियों तथा रचनात्मक कार्यों का सजीव दस्तावेज़ है।**

**वर्तमान डिजिटल युग में सूचना का समयबद्ध, प्रभावी एवं सार्थक प्रसार अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह ई-न्यूज़ शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा समस्त कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है, जो संस्थान की प्रगति और गुणवत्ता को प्रतिबिंबित करता है। इसमें प्रस्तुत लेख, समाचार एवं गतिविधियाँ निश्चित रूप से पाठकों को प्रेरित करेंगी और ज्ञानवर्धन में सहायक सिद्ध होंगी।**

**मैं इस ई-न्यूज़ के सफल प्रकाशन हेतु संपादकीय मंडल एवं सभी सहयोगियों को हार्दिक बधाई देता हूँ। आशा है कि आप सभी का सतत सहयोग एवं सकारात्मक सुझाव भविष्य में भी हमें प्राप्त होते रहेंगे, जिससे यह ई-न्यूज़ और अधिक उपयोगी एवं प्रभावशाली बन सके।**



**डॉ राहुल कुमार पाण्डेय**
**प्राचार्य**
*तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरिगांव*

***प्रिय पाठकों,***

***तेज़ी से बदलती इस डिजिटल दुनिया में सूचना अब सीमाओं से परे पहुँच चुकी है। इसी युगीन प्रवाह के साथ कदम मिलाते हुए, हमारी ऑनलाइन समाचार पत्रिका समाज, संस्कृति, राजनीति, शिक्षा, विज्ञान, तकनीक और जीवन के हर पहलू को सच्चाई, निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ आपके समक्ष प्रस्तुत करने का संकल्प लेती है।***

***हमारा उद्देश्य केवल समाचार देना नहीं, बल्कि विचारों को दिशा देना, विवेक को जगाना, और समाज को जोड़ना है। हम मानते हैं कि पत्रकारिता सिर्फ़ सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के आत्मचिंतन का आईना है।***

**संपादकीयटीम**

# विकसित भारत युवा नेता संवाद – 2026

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में “विकसित भारत युवा नेता संवाद – 2026” कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




दिनांक 10 अक्टूबर 2025 (शुक्रवार) को पत्र संख्या 029/**AKU-NSS**/004/2025-5188 दिनांक 07/10/2025 के संदर्भ में तथा आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के निर्देशानुसार तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा, भोजपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (**NSS**) इकाई द्वारा “विकसित भारत युवा नेता संवाद – 2026” पहल के अंतर्गत एक प्रेरक एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने **MY Bharat** एवं **MY Gov** पोर्टल पर अपना पंजीकरण पूर्ण किया तथा क्विज प्रतियोगिता के प्रथम चरण में सहभागिता की। प्रतियोगिता पूर्ण करने के उपरांत प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाण-पत्र भी प्राप्त हुए।

T.N.A.C.E.




कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडे ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं नेतृत्व एनएसएस समन्वयक डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय एवं श्रीमती पी. एम. जेना द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी टीचिंग एवं नॉन-टीचिंग स्टाफ ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।



कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता तथा डिजिटल सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। आयोजन अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा।


CERTIFICATE OF PARTICIPATION
Ministry of Youth Affairs & Sports
Congratulations
KHUSHBU KUMARI
for successfully participating in the
Online Quiz on
Viksit Bharat Young Leaders Dialogue (VBYLD) 2026
conducted on MYBharat
We appreciate your enthusiasm and acknowledge your valuable participation.
Keep contributing towards a Viksit Bharat.
Participation Date: 09 October 2025


CERTIFICATE OF PARTICIPATION
Ministry of Youth Affairs & Sports
Congratulations
PRAKASH KUMAR
for successfully participating in the
Online Quiz on
Viksit Bharat Young Leaders Dialogue (VBYLD) 2026
conducted on MYBharat
We appreciate your enthusiasm and acknowledge your valuable participation.
Keep contributing towards a Viksit Bharat.
Participation Date: 09 October 2025

# श्री जयप्रकाश नारायण की जयंती

दिनांक **11** अक्टूबर **2025** (शनिवार) को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव में महान स्वतंत्रता सेनानी, समाजवादी विचारक एवं 'लोकनायक' श्री जयप्रकाश नारायण की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई।




इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त फैकल्टी सदस्यों ने भारत की स्वतंत्रता एवं सामाजिक परिवर्तन के लिए किए गए उनके अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया।



T.N.A.C.E.

'जेपी' द्वारा प्रतिपादित सर्वोदय का विचार एक ऐसी नई सामाजिक व्यवस्था की कल्पना करता है, जहाँ समाज शोषण, भेदभाव एवं वर्गविहीन हो तथा मानवता शांति, समानता और नैतिक शक्ति के मार्ग पर आगे बढ़े।



लोकनायक के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।



# साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस प्रोग्राम

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन (**TNACE**), हरिगांव में वोकेशनल स्टडीज़ डिपार्टमेंट द्वारा साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और फैकल्टी मेंबर्स में सुरक्षित इंटरनेट उपयोग और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।




कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. नयन रंजन सिन्हा ने स्वागत भाषण से किया। मुख्य वक्ता के रूप में साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ डॉ. राजीव कुमार ने वर्तमान साइबर खतरों, ऑनलाइन फ्रॉड और डेटा प्राइवेसी पर महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के व्यावहारिक उपाय बताए।



इंटरैक्टिव **Q&A** सेशन में छात्रों ने साइबर सेफ्टी से जुड़े सवाल पूछे। कार्यक्रम का मार्गदर्शन प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडे के संरक्षण में किया गया तथा समन्वय श्री. बिक्रांत कुमार ने किया।




कुल **100** से अधिक विद्यार्थियों और शिक्षकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। यह आयोजन डिजिटल साक्षरता और जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग को बढ़ावा देने में सफल रहा।



# ✿ डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम ✿

दिनांक **15** अक्टूबर **2025** (बुधवार) को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा, भोजपुर में भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक एवं 'मिसाइल मैन' के नाम से विख्यात डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। जिसे भारत में **'विश्व छात्र दिवस'** के रूप में मनाया जाता हैं।




कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. कलाम के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त फैकल्टी सदस्यों ने उनके राष्ट्रनिर्माण में अतुलनीय योगदान को स्मरण किया।



अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. कलाम केवल एक महान वैज्ञानिक ही नहीं, बल्कि युवाओं के प्रेरणास्रोत, दूरदर्शी विचारक एवं सच्चे राष्ट्रभक्त थे। उन्होंने "**2020** तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने" का जो स्वप्न देखा, वह आज भी युवाओं को नवाचार, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।



इस अवसर पर सभी ने उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने एवं राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

"सपने वो नहीं जो हम सोते समय देखते हैं, सपने वो हैं जो हमें सोने नहीं देते।" – डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

T.N.A.C.

# स्व. तारकेश्वर नारायण अग्रवाल की पुण्यतिथि पर नि:शुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन

कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय श्री तारकेश्वर नारायण अग्रवाल की पुण्यतिथि के अवसर पर दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा (भोजपुर) के प्रांगण में तारकेश्वर नारायण अग्रवाल एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर फाउंडेशन, पटना तथा लायंस क्लब ऑफ पटना, विशाल के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का सफल आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के चेयरमैन डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल, श्री कृष्ण माधव अग्रवाल (प्रबंध समिति सदस्य), लायंस क्लब ऑफ पटना, विशाल के पंकज अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडे, सुश्री आकांक्षा सिंह (फाउंडेशन कोऑर्डिनेटर), श्री रमाकांत चौबे एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा स्व. तारकेश्वर नारायण अग्रवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।



इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी फैकल्टी सदस्य, स्टाफ, प्रशिक्षु एवं उपस्थित जनसमूह ने स्वर्गीय संस्थापक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया।



अपने प्रेरणादायक संबोधन में डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी ने कहा कि उनके पिता स्व. तारकेश्वर नारायण अग्रवाल का सपना था कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभ पहुंच सुनिश्चित हो। उन्होंने बताया कि कॉलेज नियमित रूप से रक्तदान शिविर, दंत जांच शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं स्वच्छता अभियान जैसी अनेक सामाजिक गतिविधियों का आयोजन करता रहा है और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाए हुए है।




A.C.E.

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडे ने कहा कि महाविद्यालय का प्रमुख उद्देश्य सामाजिक सहभागिता एवं समुदाय से मजबूत जुड़ाव स्थापित करना है, ताकि शिक्षा के साथ-साथ सेवा भावना का भी विकास हो।



कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय द्वारा किया गया, जबकि श्री प्रमोद कुमार ने सह-समन्वयक की भूमिका निभाई।




निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में ब्राइट साइट आई हॉस्पिटल, पटना की वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रंजना कुमार एवं डॉ. अभिषेक रंजन ने अपनी तकनीकी टीम डॉ. अरमान, आशीष रंजन एवं गौतम राज के साथ मिलकर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए 300 से अधिक मरीजों की आंखों की जांच की। जांच उपरांत जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां एवं चश्मे वितरित किए गए तथा उचित चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया।



इस सफल आयोजन में महाविद्यालय के फैकल्टी सदस्य श्रीमती पी.एम. जेना, डॉ. नीरज तिवारी, श्री चंदन कुमार गुप्ता, श्री रजई कुमार, श्री के.बी. यादव, श्री बिक्रांत कुमार, श्री सुनील कुमार, श्री अभिषेक राज, श्री वी.के. सिंह सहित समस्त स्टाफ एवं प्रशिक्षुओं का सराहनीय सहयोग रहा।




कार्यक्रम सामाजिक सेवा, मानवता और संस्थापक की स्मृति को समर्पित एक प्रेरणादायी पहल के रूप में अत्यंत सफल रहा।



# शिविर : आंखों की हुई निःशुल्क जांच

आरा। तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरिगांव में टीएन अग्रवाल एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर फाउंडेशन पटना एवं लायंस क्लब ऑफ पटना विशाल के संयुक्त तत्वाधान में संस्थापक स्व. तारकेश्वर नारायण अग्रवाल की पुण्यतिथि पर निःशुल्क आंखों की जांच एवं जरूरतमन्दों को चश्मा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

तीन सौ से अधिक मरीजों के आंखों की जांच और परीक्षण किया गया। उद्घाटन चेयरमैन डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल, श्री कृष्ण माधव अग्रवाल, लायंस पंकज अग्रवाल, प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय, फाउंडेशन की कोऑर्डिनेटर आकांक्षा सिंह, रमाकांत चौबे एवं अन्य ने संयुक्त रूप से किया।

चेयरमैन डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने कहा कि मेरे पिता तारकेश्वर नारायण अग्रवाल जी का यह सपना था कि लोगों को समुचित शिक्षा एवं चिकित्सा की पर्याप्त सुविधा मिले। महाविद्यालय में डेंटल कैंप ,स्वच्छता अभियान जैसे सामाजिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। महाविद्यालय का उद्देश्य सामाजिक कार्य तथा सामाजिक संपर्क स्थापित करना है।

टीएन अग्रवाल कॉलेज में गुरुवार को आयोजित शिविर का उद्घाटन करते अतिथि।

# तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन

इसी क्रम में दिनांक 17 अक्टूबर 2025 (शुक्रवार) को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा, भोजपुर में NSS इकाई के समन्वय से मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया गया।




लोकतंत्र की मजबूती में मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य है, जो देश के भविष्य को दिशा देने में निर्णायक भूमिका निभाता है। मतदान नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को उनके कार्यों के प्रति जवाबदेह बनाने का सशक्त माध्यम है तथा एक सुदृढ़ लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। चुनाव में भागीदारी से नागरिक यह सुनिश्चित करते हैं कि राष्ट्र में अधिकार, सुरक्षा और विकास की प्रक्रिया निरंतर आगे बढ़ती रहे।

निर्णय लेना और लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी ज्ञान, कौशल, मूल्य एवं जागरूकता पर आधारित होती है, जिसे प्रत्येक मतदाता तक पहुंचाना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान नागरिकों को आवश्यक जानकारी, समझ और जिम्मेदारी का बोध कराता है।




फैकल्टी सदस्यों के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के प्रशिक्षु एवं विद्यार्थियों ने हरिगांव एवं दुल्हिनगंज के समीपवर्ती गांवों में जाकर बिहार में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर नागरिकों को मतदान के महत्व, पंजीकरण प्रक्रिया एवं लोकतांत्रिक सहभागिता के प्रति जागरूक किया।

इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाना तथा युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।



***"सशक्त मतदाता – सशक्त लोकतंत्र"***






# तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 18 अक्टूबर 2025 (शनिवार) को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा, भोजपुर में स्टूडेंट काउंसिल की कल्चरल कमिटी द्वारा प्री-दीवाली सेलिब्रेशन के अंतर्गत एक भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम का वातावरण रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक सजावटी दीयों एवं सृजनात्मक सजावट से आलोकित रहा। प्रशिक्षु एवं विद्यार्थियों ने भारतीय पौराणिक कथाओं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को और भी मनोहारी बना दिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, फैकल्टी सदस्य एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे और दीपोत्सव के उल्लासपूर्ण एवं यादगार पलों का आनंद लिया।



कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं सामूहिक सौहार्द की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।



**“दीप जलाएं – खुशियाँ फैलाएं”**






# सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

दिनांक 31 अक्टूबर 2025 (शुक्रवार) को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा, भोजपुर में भारत के **'लौह पुरुष',** महान स्वतंत्रता सेनानी एवं राष्ट्र निर्माता सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।




कार्यक्रम की शुरुआत सरदार पटेल की प्रतिमा/चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त फैकल्टी सदस्यों ने आज़ाद भारत के एकीकरण में सरदार पटेल के ऐतिहासिक योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया।



वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल का अखंड भारत का स्वप्न, उनका दृढ़ नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचार राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और कर्तव्यबोध की भावना को सुदृढ़ करते हैं।




कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना रहा।

***"एक भारत – श्रेष्ठ भारत : सरदार पटेल को नमन"***

T.N.A.

# तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में गुरु नानक देव जयंती (प्रकाश पर्व) श्रद्धापूर्वक मनाई गई

दिनांक 05 नवम्बर 2025 (बुधवार) को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा, बिहार में सिख धर्म के प्रथम गुरु, महान संत एवं समाज सुधारक गुरु नानक देव जी की जयंती, जिसे प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है, श्रद्धा एवं सम्मान के साथ आयोजित की गई।




कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडे द्वारा गुरु नानक देव जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर डॉ. पांडे ने गुरु नानक देव जी के जीवन एवं शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज में व्याप्त अंधविश्वास, भेदभाव और कुरीतियों को समाप्त कर मानवता को ज्ञान, सत्य और समानता का मार्ग दिखाया। इसी कारण इस पावन दिवस को प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के फैकल्टी सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे और गुरु नानक देव जी के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।




*"एक ओंकार – सत्यनाम"*



# “सरदार 150 यूनिटी मार्च – 2025” के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता पर विविध कार्यक्रमों का सफल आयोजन

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के समन्वय से दिनांक 05 नवम्बर से 13 नवम्बर 2025 तक “सरदार @150 यूनिटी मार्च – 2025” अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को समर्पित अनेक कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया।

समापन समारोह के अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने ऑनलाइन माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन प्रशिक्षुओं एवं विद्यार्थियों में राष्ट्रीय भावना, आत्मविश्वास एवं सामाजिक जिम्मेदारी को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

HARIGAON

इस श्रृंखला के अंतर्गत निबंध लेखन, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान, योग एवं स्वास्थ्य सत्र, तथा स्वदेशी मेला जैसी विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। सभी कार्यक्रम सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों — एकता, आत्मनिर्भरता एवं राष्ट्रसेवा — पर केंद्रित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय ने कहा:

"सरदार पटेल का जीवन हमें यह सिखाता है कि एकता ही एक सशक्त राष्ट्र की सबसे मजबूत नींव है। हमारे विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों के माध्यम से देशभक्ति एवं सेवा भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।"

कार्यक्रम के संयोजक एवं NSS समन्वयक डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय ने कहा कि यह आयोजन युवाओं में अनुशासन, सहयोग एवं नेतृत्व क्षमता के विकास का प्रभावी माध्यम बना। NSS इकाई को इस प्रकार के रचनात्मक एवं राष्ट्रहितकारी कार्यक्रमों के आयोजन पर गर्व है।

इन कार्यक्रमों की सफलता में श्रीमती पी.एम. जेना, डॉ. नीरज तिवारी, श्री वी.के. सिंह, श्री सुनील कुमार, श्री दीपक कुमार, श्री प्रमोद कुमार, डॉ. के.बी. यादव, श्री चंदन कुमार गुप्ता, श्री रजई कुमार, श्री बिक्रांत कुमार, श्री अभिषेक राज, सहित समस्त फैकल्टी सदस्यों एवं विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम का समापन स्वदेशी मेले तथा सेवा और राष्ट्रीय एकता की सामूहिक शपथ के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी टीचिंग एवं नॉन-टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

**"एकता में ही शक्ति है – सरदार पटेल को नमन"**

T.N.A.C.E., HARIGAON

# (1) निबंध प्रतियोगिता (Essay Competition)

**विषय: एक भारत, आत्मनिर्भर भारत** **आयोजन तिथि: 05 नवम्बर 2025**

**अवसर: Sardar @150 Unity March – 2025**

**आयोजक संस्था: तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, हरिगांव, आरा (भोजपुर)**

**मार्गदर्शन: NSS Unit, T.N.A. College of Education**

**प्राचार्य: डॉ. राहुल कुमार पांडेय**

**कार्यक्रम समन्वयक: NSS समन्वयक डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय एवं श्रीमती पी.एम. जेना**

**कार्यक्रम प्रभारी: डॉ. नीरज तिवारी**

**कार्यक्रम का उद्देश्य-** इस निबंध प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, आत्मनिर्भरता तथा सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रनिर्माण में योगदान के प्रति जागरूकता विकसित करना था। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को "एक भारत, आत्मनिर्भर भारत" विषय पर अपने विचार रचनात्मक एवं तार्किक रूप में अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान किया गया।



दिनांक 05 नवम्बर 2025 को महाविद्यालय परिसर में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रशिक्षु एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतिभागियों ने भारत की राष्ट्रीय एकता, विविधता में एकता, आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा तथा युवाओं की भूमिका पर अपने विचार प्रभावशाली भाषा एवं देशभक्ति की भावना के साथ प्रस्तुत किए। सभी निबंधों में रचनात्मकता, तार्किक चिंतन एवं राष्ट्र प्रेम की स्पष्ट झलक दिखाई दी।



निर्णायक मंडल द्वारा निष्पक्ष मूल्यांकन के उपरांत निम्नलिखित प्रतिभागियों को श्रेष्ठ घोषित किया गया:

**प्रथम स्थान:** सोनम रानी **द्वितीय स्थान:** रागिनी कुमारी **तृतीय स्थान:** श्वेता कुमारी

विजेताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण एवं सरदार पटेल के आदर्शों के प्रति गहरी समझ विकसित हुई।

यह आयोजन विद्यार्थियों के लेखन कौशल, रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं देशभक्ति की भावना को सशक्त करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ।

***"एक भारत – आत्मनिर्भर भारत"***

# (2) वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

विषय: एक भारत, आत्मनिर्भर भारत                आयोजन तिथि: 11 नवम्बर 2025

अवसर: Sardar @150 Unity March – 2025

आयोजक संस्था: तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, हरिगांव, आरा (भोजपुर)

मार्गदर्शन: NSS Unit, T.N.A. College of Education

प्राचार्य: डॉ. राहुल कुमार पांडेय

कार्यक्रम समन्वयक: NSS समन्वयक डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय एवं श्रीमती पी.एम. जेना

कार्यक्रम प्रभारी: श्री. वी. के. सिंह

**कार्यक्रम का उद्देश्य**

“सरदार @150 यूनिटी मार्च – 2025” अभियान के अंतर्गत इस प्रतियोगिता का प्रमुख उद्देश्य भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर युवाओं के बीच राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं राष्ट्रनिर्माण के उनके संदेश को प्रसारित करना था।

C.E., HARIGAON



**वाद-विवाद प्रतियोगिता** वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय था: ***"युवा नेतृत्व राष्ट्रीय एकता का एक सशक्त माध्यम है।"*** प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास एवं तार्किक कौशल के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए तथा राष्ट्रीय एकीकरण, सद्भाव एवं नेतृत्व में युवाओं की भूमिका पर प्रभावशाली तर्क रखे।




**भाषण प्रतियोगिता** भाषण प्रतियोगिता में सरदार पटेल के जीवन एवं योगदान से प्रेरित निम्नलिखित उप-विषय शामिल थे: एकता में शक्ति – राष्ट्रीय युवाओं के लिए पटेल का संदेश

एक भारत का दृष्टिकोण – भारतीय संविधान एवं लोकतंत्र के निर्माण में पटेल की भूमिका

बारडोली से भारत तक – जनसशक्तिकरण की यात्रा

कर्म के माध्यम से एकता – सशक्त गणराज्य के लिए पटेल का दृष्टिकोण

सरदार पटेल और सेवा की भावना

प्रतिभागियों ने एकता, समर्पण एवं राष्ट्रसेवा के पटेलीय आदर्शों पर आधारित प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम संचालन एवं सहभागिता

कार्यक्रम का सफल संचालन श्री वी.के. सिंह द्वारा किया गया।

टीचर-ट्रेनी, विद्यार्थी एवं फैकल्टी सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई, जिससे यह आयोजन ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं स्मरणीय बन गया।

**प्राचार्य का संदेश** महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय ने प्रतिभागियों एवं आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को अपने व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन में सरदार पटेल के सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।




***"सच्ची एकता सामूहिक प्रयास, जिम्मेदारी और निःस्वार्थ सेवा से ही संभव है — यही सरदार पटेल के सशक्त और एकजुट भारत के स्वप्न का सार है।"***

# (3) स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान

विषय: एक भारत, आत्मनिर्भर भारत आयोजन तिथि: 11 नवम्बर 2025

अवसर: Sardar @150 Unity March – 2025

आयोजक संस्था: तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, हरिगांव, आरा (भोजपुर)

मार्गदर्शन: NSS Unit, T.N.A. College of Education

प्राचार्य: डॉ. राहुल कुमार पांडेय

कार्यक्रम समन्वयक: NSS समन्वयक डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय एवं श्रीमती पी.एम. जेना

कार्यक्रम प्रभारी: श्री. सुनील कुमार

**कार्यक्रम का उद्देश्य** इस स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता, सामाजिक जिम्मेदारी, तथा स्वच्छ भारत – स्वस्थ भारत की भावना को सुदृढ़ करना था।

HARIGAON



दिनांक 11 नवम्बर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत एक स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय के निर्देशन में NSS समन्वयक डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय एवं सहायक समन्वयक श्रीमती पी.एम. जेना द्वारा प्रशिक्षुओं की टोली को हरी झंडी दिखाकर महाविद्यालय के मुख्य द्वार से रवाना कर किया गया।

छात्र-छात्राओं ने ***"स्वच्छ भारत – स्वस्थ भारत"*** के नारे लगाते हुए महाविद्यालय परिसर एवं हरिगांव के आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया। बी.एड. एवं डी.एल.एड. प्रशिक्षुओं तथा फैकल्टी सदस्यों ने मिलकर कचरा एकत्रित किया एवं उसके उचित निस्तारण की व्यवस्था की। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने स्थानीय नागरिकों को भी स्वच्छता बनाए रखने एवं प्लास्टिक के उपयोग से बचने का संदेश दिया। इस अभियान को सफल बनाने में श्री के.बी. यादव, श्री चंदन कुमार गुप्ता, श्री रजई कुमार, श्री प्रमोद कुमार, श्री विक्रांत कुमार सिंह, ओ.एस.डी. श्री वेन्कटेश कुमार सिंह, श्री दीपक कुमार, श्री गौरव कुमार सहित समस्त फैकल्टी, स्टाफ एवं प्रशिक्षुओं का सराहनीय सहयोग रहा।

T.N.A. C.E., HARIGAON




***"स्वच्छता ही सेवा है, इसे हमें अपने जीवन की आदत बनानी चाहिए।"***

# (4) स्वास्थ्य जागरूकता एवं राष्ट्रनिर्माण

विषय: एक भारत, आत्मनिर्भर भारत आयोजन तिथि: 12 नवम्बर 2025

अवसर: Sardar @150 Unity March – 2025

आयोजक संस्था: तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, हरिगांव, आरा (भोजपुर)

मार्गदर्शन: NSS Unit, T.N.A. College of Education

प्राचार्य: डॉ. राहुल कुमार पांडेय

कार्यक्रम समन्वयक: NSS समन्वयक डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय एवं श्रीमती पी.एम. जेना

कार्यक्रम प्रभारी: श्री. दीपक कुमार

**कार्यक्रम का उद्देश्य** "सरदार @150 यूनिटी मार्च – 2025" अभियान के अंतर्गत आयोजित इस योग एवं हेल्थ सेशन का मुख्य उद्देश्य भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर युवाओं में एकता, अनुशासन, स्वास्थ्य जागरूकता एवं राष्ट्रनिर्माण के संदेश को प्रसारित करना था।

T.N.A.C.E., HARIGAON



दिनांक 12 नवम्बर 2025 को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन (TNACE), हरिगांव में योग एवं हेल्थ सेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री दीपक कुमार द्वारा किया गया, जिन्हें इवेंट कंडक्ट करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सेशन में विद्यार्थियों ने उत्साह, आत्मविश्वास एवं स्वास्थ्य चेतना के साथ भाग लिया। योग अभ्यास के दौरान प्रतिभागियों ने सरदार पटेल के जीवन एवं कार्यों से प्रेरित हुए। प्रतिभागियों ने एकता, समर्पण एवं राष्ट्रसेवा के पटेलीय आदर्शों को प्रदर्शित करते हुए योगाभ्यास किया।




प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय ने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को अपने व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन में सरदार पटेल के सिद्धांतों को अपनाने के

***"सच्ची एकता सामूहिक प्रयास, जिम्मेदारी एवं निःस्वार्थ सेवा से ही संभव है — यही सरदार पटेल के सशक्त और एकजुट भारत के स्वप्न का सार है।"***

# (5) स्वदेशी मेला

विषय: एक भारत, आत्मनिर्भर भारत आयोजन तिथि: 13 नवम्बर 2025

अवसर: Sardar @150 Unity March – 2025

आयोजक संस्था: तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, हरिगांव, आरा (भोजपुर)

मार्गदर्शन: NSS Unit, T.N.A. College of Education

प्राचार्य: डॉ. राहुल कुमार पांडेय

कार्यक्रम समन्वयक: NSS समन्वयक डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय एवं श्रीमती पी.एम. जेना

कार्यक्रम प्रभारी: श्री. प्रमोद कुमार

**प्रोग्राम का उद्देश्य “स्वदेशी मेला”** का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहित करना तथा “एक भारत, श्रेष्ठ भारत” की अवधारणा को सुदृढ़ करना था। यह आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा प्रतिपादित एकता और आत्मनिर्भरता की भावना को समर्पित रहा।

C.E., HARIGAON



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात NSS स्वयंसेवकों ने स्वदेशी मेले के उद्देश्य पर संक्षिप्त प्रस्तुति दी। मेले में कॉलेज के विद्यार्थियों, प्रशिक्षुओं एवं स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित हस्तनिर्मित एवं स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की गई।



इस मेले में विद्यार्थियों के साथ-साथ आस-पास के ग्रामीण समुदाय की भी सक्रिय सहभागिता रही। मेले का वातावरण उत्साह, सीख और स्वदेशी भावना से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम के समापन पर NSS समन्वयक ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया तथा स्वदेशी उत्पादों को अपनाने एवं प्रोत्साहित करने की शपथ दिलाई।

इस आयोजन से विद्यार्थियों को रोजगार सृजन, आत्मनिर्भरता और स्थानीय उत्पादों के आर्थिक एवं सांस्कृतिक महत्व की व्यावहारिक समझ प्राप्त हुई।

***"स्वदेश अपनाएं – आत्मनिर्भर भारत बनाएं"***

T.N.A.C.E.

# तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरिगांव में राष्ट्रीय एकता पर कार्यक्रम आयोजित

**कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद रहे**

प्रतिनिधि, आरा



कार्यक्रम में शामिल महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल छात्र-छात्राएं.

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में सफल आयोजन 05 नवंबर से 13 नवंबर तक किया गया. इस समापन अवसर पर ऑनलाइन माध्यम से महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन प्रशिक्षुओं एवं छात्र-छात्राओं में राष्ट्रीय भावना आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी की चेतना जागते हैं.

इस आयोजन के अंतर्गत निबंध, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान, योग एवं स्वास्थ्य सत्र तथा स्वदेशी मेला जैसे कार्यक्रम आयोजित हुए. सभी गतिविधियां सरदार वल्लभ भाई पटेल के आदर्शों एकता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रसेवा को केंद्र में रखकर संपन्न की गयी. कार्यक्रम का समापन करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.राहुल कुमार पांडेय ने कहा कि "सरदार पटेल के जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि सशक्त राष्ट्र के निर्माण में एकता सबसे बड़ा आधार है.

हमारे छात्र-छात्राओं ने इन कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति और सेवा भावना का सुंदर प्रदर्शन किया है."वहीं कार्यक्रम संयोजक एवं एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डॉ मनोज कुमार उपाध्याय ने कहा कि कार्यक्रम युवाओं में सहयोग अनुशासन और नेतृत्व की भावना को जागृत करने का एक प्रभावी माध्यम रहा. एनएसएस इकाई को ऐसे सार्थक आयोजनों पर गर्व है.इस श्रृंखला में पीएम जेना. डॉ निरज तिवारी, वीके. सिंह, सुनील कुमार, दीपक कुमार,प्रमोद कुमार. डॉ केवी यादव, चंदन कुमार गुप्ता, रजय कुमार .विक्रांत सिंह, अभिषेक राज सहित सभी संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा. कार्यक्रम का समापन स्वदेशी मेला और सेवा भावना संकल्प के साथ हुआ. इस मौके पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद रहे.

# राष्ट्रीय एकता के हुए विविध कार्यक्रम



टीएन अग्रवाल कॉलेज की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थी और अतिथि।

आरा, निज प्रतिनिधि। तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरिगांव, आरा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सरदार @150 यूनिटी मार्च 2025 का सफल आयोजन पांच से 13 नवंबर तक किया गया।

समापन के अवसर पर ऑनलाइन माध्यम से महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन प्रशिक्षुओं एवं छात्र और छात्राओं में राष्ट्रीय भावना आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी की चेतना जागते हैं। आयोजन के अंतर्गत निबंध, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान, योग एवं स्वास्थ्य सत्र और स्वदेशी मेला जैसे कार्यक्रम आयोजित हुए। सभी गतिविधियां सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों, एकता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रसेवा को केंद्र में रखकर संपन्न की गईं। प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय ने कहा कि सरदार पटेल के जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि सशक्त राष्ट्र के निर्माण में एकता सबसे बड़ा आधार है।

छात्र-छात्राओं ने इन कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति और सेवा भावना का सुंदर प्रदर्शन किया है। कार्यक्रम संयोजक एवं एनएसएस को ऑर्डिनेटर डॉ मनोज कुमार उपाध्याय ने कहा कि कार्यक्रम युवाओं में सहयोग अनुशासन और नेतृत्व की भावना को जागृत करने का एक प्रभावी माध्यम रहा। मौके पर पीएम जेना, डॉ. नीरज तिवारी, वीके सिंह, सुनील कुमार, दीपक कुमार, प्रमोद कुमार, डॉ केवी यादव, चंदन कुमार गुप्ता, रजय कुमार, विक्रांत सिंह, अभिषेक राज सहित सभी संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। समापन स्वदेशी मेला और सेवा भावना संकल्प के साथ हुआ।

# बाल दिवस के अवसर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती

दिनांक 14 नवम्बर 2025 (शुक्रवार) को बाल दिवस के शुभ अवसर पर तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, हरिगांव, आरा (भोजपुर), बिहार में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं बच्चों के प्रिय नेता पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।




कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पंडित नेहरू के जीवन, विचारों एवं राष्ट्रनिर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू का बच्चों के प्रति प्रेम एवं शिक्षा के प्रति समर्पण आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के फैकल्टी सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे और पंडित नेहरू के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।






*“बच्चे देश का भविष्य हैं-उन्हें शिक्षित और सशक्त बनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।”*

# “देसी गेम फेस्ट – 2025”

**थीम:** *“देसी गेम फेस्ट – भारत की समृद्ध खेल विरासत का उत्सव”*

**आयोजन अवधि:** 25 नवम्बर 2025 से 29 दिसम्बर 2025

**स्थान:** तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, कैंपस, हरिगांव, आरा (भोजपुर)

**कार्यक्रम का उद्देश्य**

“देसी गेम फेस्ट – 2025” का मुख्य उद्देश्य भारत की पारंपरिक खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करना, विद्यार्थियों में शारीरिक फिटनेस, टीम-भावना, अनुशासन और खेल भावना का विकास करना तथा डिजिटल युग में खोती जा रही देसी खेल परंपराओं को नई पीढ़ी से जोड़ना था।




इस वर्ष की थीम **“देसी गेम फेस्ट”** भारत की समृद्ध गेमिंग विरासत का उत्सव रही। इसमें **गिल्ली-डंडा, खो-खो, कबड्डी** जैसे पारंपरिक स्ट्रीट गेम्स को **राजा-मंत्री-चोर-सिपाही** जैसे मनोरंजक इनडोर कार्ड-बेस्ड खेलों के साथ जोड़ा गया। इस अनूठे संयोजन ने विद्यार्थियों को बचपन की यादों से जोड़ते हुए भारतीय खेल संस्कृति की विविधता को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

एनुअल स्पोर्ट्स मीट का उद्घाटन **25 नवम्बर 2025** को कॉलेज परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया।




कार्यक्रम के **चीफ पैट्रन एवं कॉलेज के चेयरमैन डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल** ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई। चीफ पैट्रन का प्रेरणादायक संबोधन अपने उद्घाटन भाषण में **डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल** जी ने कहा—

"भारत की पहचान केवल उसकी शिक्षा और संस्कृति से ही नहीं, बल्कि उसकी पारंपरिक खेल विरासत से भी है। देसी खेल हमें शारीरिक सुदृढ़ता, मानसिक एकाग्रता, सहयोग और अनुशासन सिखाते हैं। आज की पीढ़ी यदि इन खेलों को अपनाए, तो स्वस्थ, आत्मनिर्भर और संस्कारी समाज का निर्माण संभव है। 'देसी गेम फेस्ट' जैसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और भारतीय मूल्यों को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम हैं।"

उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के साथ-साथ खेल भावना को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

T.N.A.C.E.

कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियाँ पूरे आयोजन काल में विभिन्न पारंपरिक खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें—

- कबड्डी प्रतियोगिता



- खो-खो मैच



- गिल्ली-डंडा प्रतियोगिता
- रस्साकशी
- राजा-मंत्री-चोर-सिपाही कार्ड गेम
- अन्य मनोरंजक देसी खेल शामिल रहे।




विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह, जोश और खेल भावना के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन कॉलेज प्रशासन, खेल समिति, फैकल्टी सदस्यों और स्टूडेंट वॉलंटियर्स के संयुक्त प्रयास से किया गया।



पूरे कैंपस में उत्सव और उमंग का वातावरण देखने को मिला।




29 दिसम्बर 2025 को समापन समारोह में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य **डॉ. राहुल कुमार पांडेय** ने सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और सहयोगी स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि- "देसी खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान और जीवन मूल्यों का अभिन्न हिस्सा हैं। इस आयोजन ने छात्रों में फिटनेस, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता को नई ऊर्जा दी है।"



"देसी गेम फेस्ट – 2025" न केवल एक खेल आयोजन रहा, बल्कि यह **भारतीय पारंपरिक खेल संस्कृति के संरक्षण और पुनर्जागरण** का प्रेरणादायक मंच सिद्ध हुआ। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जुड़ने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का सशक्त संदेश दिया।





# भारतीय संविधान दिवस

दिनांक: 26 नवम्बर 2025

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, हरिगांव, आरा (भोजपुर), बिहार में **'भारतीय संविधान दिवस'** के पावन अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह एवं सीरियल स्पीच कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के अंतर्गत आयोजित किया गया।




**कार्यक्रम का शुभारंभ** भारत माता की प्रेरणादायी तस्वीर के साथ डॉ. बी. आर. अंबेडकर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर पूरे परिसर में देशभक्ति और संविधान के प्रति सम्मान का वातावरण देखने को मिला।

इसके पश्चात ही संविधान शपथ समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कॉलेज के प्राचार्य, सभी फैकल्टी मेंबर्स, नॉन-टीचिंग स्टाफ तथा छात्र-छात्राओं ने भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा, समानता, न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने की शपथ ली।

कार्यक्रम के दौरान सीरियल स्पीच सेशन आयोजित किया गया, जिसमें वक्ताओं ने भारतीय संविधान के महत्व, उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए।




NSS समन्वयक डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान केवल कानूनों का संकलन नहीं, बल्कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने वाला, शासन के लिए स्पष्ट ढांचा प्रदान करने वाला, कानून के राज को स्थापित करने वाला और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने वाला महान दस्तावेज़ है।



उन्होंने यह भी कहा कि संविधान समाज को स्थिरता प्रदान करता है, नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देता है और किसी भी प्रकार के अन्याय एवं शोषण से सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय, NSS कोऑर्डिनेटर डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय, सह-समन्वयक श्रीमती पी.एम. जेना, सभी फैकल्टी सदस्य, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने अत्यंत उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।




कार्यक्रम का समापन संविधान के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने और लोकतांत्रिक आदर्शों की रक्षा करने के संदेश के साथ हुआ। पूरे कार्यक्रम में जोश, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

# नशा मुक्ति एवं महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक: 27 नवम्बर 2025

यूथ प्रोग्राम के डायरेक्टर एवं भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार, नेशनल सर्विस स्कीम (NSS) के तत्वावधान में तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, हरिगांव, आरा (भोजपुर) में नशा मुक्ति एवं महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।



इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशा-मुक्त समाज के निर्माण तथा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना था। इसके माध्यम से छात्रों में सामाजिक उत्तरदायित्व और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी गई।

यह कार्यक्रम NSS प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन में, श्री प्रमोद कुमार एवं श्री दीपक कुमार के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य विशेषता शपथ ग्रहण समारोह रहा, जिसका नेतृत्व कॉलेज के OSD श्री वेंकटेश कुमार सिंह ने किया।

इस अवसर पर कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने - नशा-मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने किसी भी प्रकार की लत से दूर रहने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा देनेका सामूहिक संकल्प लिया।




कार्यक्रम का विशेष आकर्षण छात्रों द्वारा प्रस्तुत नशा मुक्ति पर लघु नाटक रहा। इस नाटक ने नशे के दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाते हुए समाज को जागरूक रहने का सशक्त संदेश दिया। दर्शकों ने इस प्रस्तुति की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

अंत में कार्यक्रम समन्वयक ने सभी प्रतिभागियों, आयोजकों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे समाज में किसी भी प्रकार के "NASHA" (नशा,

नकारात्मकता और हिंसा) से मुक्त एक सकारात्मक, सुरक्षित और जागरूक वातावरण के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं।




यह कार्यक्रम न केवल जागरूकता फैलाने में सफल रहा, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक कर्तव्यबोध, आत्म-अनुशासन और नैतिक जिम्मेदारी की भावना को भी सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।



# फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन (TNACE), हरिगांव में **02 से 03 दिसंबर 2025** तक *"ICT Tools for Teaching-Learning Process"* थीम पर **फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम** – **2025** का सफल आयोजन किया गया।




कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक **कॉलेज चेयरमैन डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल** ने शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा के लिए स्वयं को निरंतर अपडेट रखने की आवश्यकता पर बल दिया।




**मुख्य रिसोर्स पर्सन डॉ. देबराती धर** (ABC कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, पटना) ने शिक्षण में स्मार्ट क्लास, ई-कंटेंट, वर्चुअल लर्निंग और AI आधारित टूल्स की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वहीं **प्रो.**

**डॉ. नयन रंजन सिन्हा** (भुवन मालती कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, मोतिहारी) ने ICT को शिक्षण में इनोवेशन और क्रिएटिविटी बढ़ाने वाला माध्यम बताया।




**कार्यक्रम का उद्घाटन** प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय**, रिसोर्स पर्सन एवं फाउंडेशन कोऑर्डिनेटर** सुश्री आकांक्षा सिंह **द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। संचालन** डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय **ने किया तथा सह-समन्वय** IQAC समन्वयक श्री चंदन कुमार गुप्ता **ने किया।**




कार्यक्रम में फैकल्टी सदस्यों और छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की। अंत में **डॉ. नीरज तिवारी** ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत ज्ञानवर्धक और लाभकारी बताया।

## डॉ. राजेंद्र प्रसाद जयंती

हरिगांव, आरा | 3 दिसंबर 2025

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन (TNACE), हरिगांव, आरा में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाई गई।



कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय द्वारा डॉ. राजेंद्र प्रसाद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। अपने संबोधन में उन्होंने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जीवन, उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान और देश सेवा के प्रति समर्पण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जीवन सत्य, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा का प्रेरणास्रोत है।



इस अवसर पर कॉलेज के फैकल्टी सदस्य, स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने महान नेता को नमन करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।







# https://tnace.ac.in/

# वार्षिक समारोह

## (सकार – 4)

दिनांक: 15 दिसंबर 2025 (सोमवार)

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, हरिगांव, आरा ने अपना 15 वां वार्षिक समारोह अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया। यह समारोह कॉलेज की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव रहा।




कार्यक्रम की शुरुआत इंजीनियर धीरेंद्र कुमार सिंह एवं प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर की गई। इसके पश्चात माँ सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायी बना दिया।

इस विशेष अवसर पर कॉलेज की वार्षिक पत्रिका **“सुकृति”** के आठवें संस्करण का विमोचन प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडे द्वारा मंचासीन अतिथियों की उपस्थिति में किया गया।

इस पत्रिका में कॉलेज की शैक्षणिक गतिविधियों, शोध लेखों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रस्तुतियों का संकलन किया गया है।




इसके उपरांत विभिन्न शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय ने अपने संबोधन में कहा: "शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। हमारे छात्र-छात्राओं की उपलब्धियाँ इस संस्था की गुणवत्ता और प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।" उन्होंने कॉलेज के निरंतर विकास, शैक्षणिक उत्कृष्टता और समाज-सेवा के प्रति समर्पण को रेखांकित किया।

प्राचार्य द्वारा मंचासीन सभी विशिष्ट अतिथियों को शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कॉलेज के अनुशासित वातावरण एवं शैक्षणिक प्रगति की सराहना की।




कार्यक्रम का सुंदर और प्रभावी संचालन B.Ed. प्रथम सेमेस्टर की प्रशिक्षु  मधुलिका कुमारी एवं प्रकाश कुमार ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में असिस्टेंट प्रोफेसर श्री प्रमोद कुमार, को-करिकुलर एक्टिविटीज़ कमिटी के को-कन्वीनर, का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा।

वार्षिक समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियाँ दी गई। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और भारतीय संस्कृति की विविधता को दर्शाया।




कॉलेज के फैकल्टी सदस्य श्रीमती पी.एम.जैन , डॉ.नीरज तिवारी, डॉ. के.बी. यादव, श्री चंदन कुमार गुप्ता, श्री रजई कुमार, श्री प्रमोद कुमार, श्री विक्रांत कुमार सिंह, ओ.एस.डी. श्री वेन्कटेश कुमार सिंह, श्री दीपक कुमार, श्री गौरव कुमार सहित समस्त फैकल्टी, स्टाफ एवं प्रशिक्षुओं का सराहनीय सहयोग रहा। अभिभावकगण,स्थानीय गणमान्य अतिथि, बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। आयोजकों ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



TNACE का 15वां वार्षिक समारोह शैक्षणिक उत्कृष्टता, सांस्कृतिक समृद्धि और संस्थागत गौरव का जीवंत उदाहरण बना।



# "साकार-4" वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

**• चेयरमैन डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल के जन्मदिवस पर वार्षिक ई-पत्रिका का विमोचन, मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित**

मीडिया दर्शन/ आरा (भोजपुर)।

भोजपुर जिले के तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरि गाँव, आरा में सोमवार को महाविद्यालय का चतुर्थ वार्षिकोत्सव "साकार-4" अत्यंत भव्य, सुसंस्कृत एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन विशिष्ट अतिथियों एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय तथा मैनेजमेंट कमेटी के सम्मानित सदस्यों ई. धीरेंद्र सिंह, रमाकांत चौबे एवं रवि कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सत्र की वार्षिक रिपोर्ट रखी। उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, परीक्षाफल, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सांस्कृतिक आयोजनों एवं सामाजिक दायित्वों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का

y Highlight

ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने अपने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि "शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि समाज निर्माण का सशक्त उपकरण है। शिक्षक राष्ट्र की नींव होते हैं और भावी शिक्षकों को नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं नवाचार के साथ आगे बढ़ना चाहिए।"

उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों ने शिक्षक-शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षकों को तकनीक, संस्कार और संवेदनशीलता-ओं का संतुलन बनाकर कार्य करना होगा। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षक-शिक्षा प्रदान करने हेतु महाविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके शैक्षणिक उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन एवं

पाकर विद्यार्थियों के चेहरे पर आत्मविश्वास एवं उत्साह झलकता नजर आया।कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की वार्षिक ई-पत्रिका के अष्टम संस्करण का विमोचन प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय के कर-कमलों द्वारा किया गया। पत्रिका के संपादक डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय ने बताया कि इसमें शैक्षणिक लेखों, रचनात्मक अभिव्यक्तियों तथा महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों को समाहित किया गया है।वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा कर वर्तमान छात्रों का मार्गदर्शन किया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा नाटक, भाषण एवं गीत सहित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का सह-संयोजन प्रमोद कुमार द्वारा किया गया। समारोह में महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, छात्र-छात्राएँ एवं अनेक गणमान्य

यह समारोह छात्रों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मकता को विकसित करने में अत्यंत सफल रहा।

# Alumni Meet - 2025

***"उस घोंसले में फिर से मिलना, जहाँ से हम बढ़ते और बहते हैं"*** - इसी भावनात्मक विचार के साथ तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, हरिगांव ने पूर्व छात्र मिलन – 2025 का भव्य आयोजन किया। यह कार्यक्रम पूर्व छात्रों को अपनी जड़ों से जोड़ने, अनुभव साझा करने और संस्थान के निरंतर विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।




प्रोफेशनल्स के रेफरेंस के माध्यम से फ्रेश ग्रेजुएट्स को जॉब अवसर उपलब्ध कराना। पूर्व छात्रों के योगदान को सम्मानित और प्रोत्साहित करना। छात्रों के लिए समसामयिक विषयों पर ओरिएंटेशन एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित करना।



विद्यार्थियों की स्किल डेवलपमेंट और क्वालिटी अपग्रेडेशन हेतु मंच प्रदान करना। प्रोफेशनल टीचिंग और पेडागॉजी विषयों के व्यापक स्कोप के प्रति जागरूकता बढ़ाना। सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने हेतु सोशल वेलफेयर गतिविधियों में भागीदारी को प्रोत्साहित करना।




पूर्व छात्र सदस्यों का दोपहर 2:30 बजे कॉलेज कैंपस में आगमन हुआ। रजिस्ट्रेशन टीम द्वारा सभी पूर्व छात्रों का आत्मीय स्वागत किया गया।




इसके पश्चात कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय ने सभी पूर्व छात्रो को संबोधित करते हुए हाल के वर्षों में कॉलेज में हुए शैक्षणिक, आधारभूत एवं तकनीकी विकास की जानकारी दी। उन्होंने पूर्व छात्रों से संस्थान के विकास में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया।

श्रीमती पी.एम. जेना (असिस्टेंट प्रोफेसर एवं को-ऑर्डिनेटर, पूर्व छात्र कमेटी) ने कॉलेज द्वारा पूर्व छात्र के लिए उपलब्ध सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला।

# NEWS PEPAR CUTTING

## साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन करते अतिथि.

**आरा.** तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरिगांव में सोमवार को साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम" का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, साइबर खतरों से बचाव तथा व्यक्तिगत और संस्थागत सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना था. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. राजीव कुमार ने अपने संबोधन में वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने सभी को साइबर-साक्षर बनने तथा अपने डिजिटल डेटा की सुरक्षा के लिए सतर्क रहने की सलाह दी. वोकेशनल स्टडीज विभाग के निदेशक डॉ नयन रंजन सिन्हा ने अपने वक्तव्य में कहा कि डिजिटल सुरक्षा अब दैनिक जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन चुकी है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को गंभीरता से अपनाना चाहिए. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम समय की मांग हैं. कॉलेज सभी विद्यार्थियों और कर्मचारियों की डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है. उन्होंने छात्रों को जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार अपनाने का आह्वान किया. कार्यक्रम के अंत में डीएलएड के एचओडी डॉ नीरज तिवारी ने उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, मुख्य वक्ता, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों का धन्यवाद ज्ञापन किया.

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
RNI No. - UPHIN/2021/84205
**न्यूज वर्ल्ड**
लखनऊ से प्रकाशित

## साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन

रिपोर्ट– शांतनु कुमार सिंह
जिला– पटना
(तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, आरा)

आरा, तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन (ज्छ। ब्वससमहम वि ्मकनबंजपवद), हरिगांव, आरा में आज "साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम" का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, साइबर खतरों से बचाव तथा व्यक्तिगत और संस्थागत सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के 'मुख्य वक्ता एवं साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. राजीव कुमार ने अपने संबोधन में वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को साइबर–साक्षर बनने तथा अपने डिजिटल डेटा की सुरक्षा के लिए सतर्क रहने की सलाह दी। वोकेशनल स्टडीज़ विभाग के निदेशक डॉ. नयन रंजन सिन्हा ने अपने वक्तव्य में कहा कि डिजिटल सुरक्षा अब दैनिक जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन चुकी है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को गंभीरता से अपनाना चाहिए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम समय की मांग हैं। कॉलेज सभी विद्यार्थियों और कर्मचारियों की डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने छात्रों को जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में डी.एल.एड के एच.ओ.डी






डॉ. नीरज तिवारी ने उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, मुख्य वक्ता, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों का धन्यवाद ज्ञापन किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों की सराहना की। यह कार्यक्रम कॉलेज परिसर के सेमिनार हॉल में प्रातः 10:30 बजे से आरंभ हुआ, जिसमें सभी संकाय सदस्यों और छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य रही। इस सफल आयोजन के माध्यम से कॉलेज ने डिजिटल सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

कार्यरत है।

## शिविर : आंखों की हुई निःशुल्क जांच

आरा। तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरिगांव में टीएन अग्रवाल एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर फाऊंडेशन पटना एवं लायंस क्लब ऑफ पटना विशाल के संयुक्त तत्वाधान में संस्थापक स्व. तारकेश्वर नारायण अग्रवाल की पुण्यतिथि पर निःशुल्क आंखों की जांच एवं जरूरतमन्दों को चश्मा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


टीएन अग्रवाल कॉलेज में गुरुवार को आयोजित शिवर का उद्घाटन करते अतिथि।

तीन सौ से अधिक मरीजों के आंखों की जांच और परीक्षण किया गया। उद्घाटन चेयरमैन डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल, श्री कृष्ण माधव अग्रवाल, लायंस पंकज अग्रवाल, प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय, फाउंडेशन की कोऑर्डिनेटर आकांक्षा सिंह, रमाकांत चौबे एवं अन्य ने संयुक्त रूप से किया।

चेयरमैन डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने कहा कि मेरे पिता तारकेश्वर नारायण अग्रवाल जी का यह सपना था कि लोगों को समुचित शिक्षा एवं चिकित्सा की पर्याप्त सुविधा मिले। महाविद्यालय में डेंटल कैंप, स्वच्छता अभियान जैसे सामाजिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। महाविद्यालय का उद्देश्य सामाजिक कार्य तथा सामाजिक संपर्क स्थापित करना है।

Hindustan paper page no. 10
(17/10/2025)



हरिगांव स्थित टीएन अग्रवाल कॉलेज में पुस्तक का विमोचन करते अतिथि और अन्य।

## टीएन अग्रवाल कॉलेज में गणित शिक्षण पुस्तक का विमोचन

**आरा।** तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन (स्वायत्त), हरिगांव, आरा में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. केबी यादव की लिखित पुस्तक गणित शिक्षण का औपचारिक विमोचन किया गया। यह पुस्तक शारदा पुस्तक भवन प्रयागराज द्वारा प्रकाशित की गई है।

डॉ यादव ने बताया कि पुस्तक में गणित शिक्षण से संबंधित सिद्धांतों, विधियों, आधुनिक शिक्षण तकनीकों एवं शिक्षण कौशलों को अत्यंत सरल एवं उपयोगी रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह पुस्तक विशेष रूप से बीएड एवं डीएलएड विद्यार्थियों के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। डॉ. यादव ने बताया कि यह पुस्तक शिक्षण जगत में गणित की अवधारणाओं को सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत करने का प्रयास है। कहा कि इस कार्य में महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल, प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय का विशेष सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। साथ ही वरिष्ठ सहायक प्राध्यापिका पीएम जेना, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ मनोज कुमार उपाध्याय, डॉ नीरज तिवारी , चंदन कुमार गुप्ता, रजई कुमार, प्रमोद कुमार, सुनील कुमार, इंजीनियर विक्रांत कुमार, अभिषेक कुमार, ओएसडी वेंकटेश कुमार सिंह एवं नीलम का सहयोग रहा।

# शिविर : आंखों की हुई निःशुल्क जांच



टीएन अग्रवाल कॉलेज में गुरुवार को आयोजित शिविर का उद्घाटन करते अतिथि।

आरा। तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरिगांव में टीएन अग्रवाल एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर फाउंडेशन पटना एवं लायंस क्लब ऑफ पटना विशाल के संयुक्त तत्वाधान में संस्थापक स्व. तारकेश्वर नारायण अग्रवाल की पुण्यतिथि पर निःशुल्क आंखों की जांच एवं जरूरतमन्दों को चश्मा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

तीन सौ से अधिक मरीजों के आंखों की जांच और परीक्षण किया गया। उद्घाटन चेयरमैन डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल, श्री कृष्ण माधव अग्रवाल, लायंस पंकज अग्रवाल, प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय, फाउंडेशन की कोऑर्डिनेटर आकांक्षा सिंह, रमाकांत चौबे एवं अन्य ने संयुक्त रूप से किया। चेयरमैन डॉ कृष्णमुरारी अग्रवाल ने कहा कि मेरे पिता तारकेश्वर नारायण अग्रवाल जी का यह सपना था कि लोगों को समुचित शिक्षा एवं चिकित्सा की पर्याप्त सुविधा मिले। महाविद्यालय में डेंटल कैंप, स्वच्छता अभियान जैसे सामाजिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। महाविद्यालय का उद्देश्य सामाजिक कार्य तथा सामाजिक संपर्क स्थापित करना है।

# कालेज के वार्षिकोत्सव में ई-पत्रिका का विमोचन



टीएन अग्रवाल कॉलेज में वार्षिकोत्सव का उद्घाटन करते अतिथि व अन्य • जागरण

जासं, आरा : तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कालेज आफ एजुकेशन हरिगांव भोजपुर में सोमवार को महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव "साकार- चार" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन विशिष्ट अतिथियों एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय एवं मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य ई. धीरेंद्र सिंह, रमाकांत चौबे, रवि कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। वार्षिकोत्सव में चेयरमैन डा कृष्ण मुरारी अग्रवाल का जन्मदिन भी मनाया गया। चेयरमैन ने अपने सम्बोधन में कहा कि 'शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज निर्माण का सशक्त उपकरण है।

# तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज में देसी खेल महोत्सव का समापन



मोमेंटो व मेडल से सम्मानित किये गये खेल प्रतिभागी।

आरा. तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव में 25 से 29 नवंबर तक आयोजित देसी खेल महोत्सव का शनिवार को समापन हो गया. पांच दिनों तक चले इस आयोजन में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रस्साकसी, बोरा रेस, कीट-कीट, रस्सी दौड़, बैलेंस रेस, बैडमिंटन, लूडो, कैरम बोर्ड, खो-खो, बॉलीबॉल, टायर रेस, गिल्ली-डंडा, जेवलिन थ्रो सहित कई पारंपरिक खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया. समापन समारोह को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने कहा कि देशी खेल हमारे सांस्कृतिक मूल्यों की जीवंत धरोहर हैं. ये आयोजन छात्रों में टीम भावना, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और शारीरिक स्फूर्ति का विकास करते हैं. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि देसी खेल अनुशासन, नेतृत्व और सामंजस्य का भाव पैदा करते हैं और उनका संरक्षण आवश्यक है. इस अवसर पर महाविद्यालय फाउंडेशन की कोऑर्डिनेटर आकांक्षा सिंह और विशिष्ट अतिथियों ने प्रतिभागियों के उत्साह और आयोजन की प्रशंसा की. कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के चेयरमैन एवं प्राचार्य द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किये गये. कार्यक्रम का सह-संयोजन प्रमोद कुमार और दीपक कुमार ने किया. इस अवसर पर शिक्षक पीएम जेना, डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय, श्री चंदन गुप्ता, केवी यादव, वीके सिंह, रजय कुमार, प्रमोद कुमार, विक्रांत कुमार सिंह, अभिषेक राज सहित सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी और प्रशिक्षक मौजूद रहे.

# बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की कार्यकारिणी परिषद की बैठक में कई मुद्दों पर की गयी चर्चा



बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की कार्यकारिणी परिषद की बैठक में शामिल सदस्य.

आरा. बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की कार्यकारिणी परिषद की चौथी बैठक का आयोजन तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव के सभागार में किया गया. बैठक अपराह्न 02:30 बजे प्रारंभ हुई. जिसमें एसोसिएशन के शीर्ष पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही. बैठक के प्रारंभ में कॉलेज के चेयरमैन डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत एवं स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया. उन्होंने बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों के आरा आगमन को भोजपुर जिले के लिए गौरवपूर्ण अवसर बताया. अपने संबोधन में डॉ. अग्रवाल ने कहा कि आने वाले समय में क्षेत्रीय विकास तभी संभव है, जब उद्योग, शिक्षा और कौशल विकास आपस में जुड़कर कार्य करें. उन्होंने शैक्षणिक विस्तार, अकादमिक गुणवत्ता और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को मजबूती प्रदान करने की आवश्यकता पर भी विशेष रूप से बल दिया. इसके उपरांत वोकेशनल स्टडीज के डायरेक्टर डॉ. नयन रंजन सिन्हा ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कॉलेज की शैक्षणिक संरचना, आधुनिक सुविधाओं एवं संचालित वोकेशनल और स्किल आधारित पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी.

उन्होंने बताया कि किस प्रकार ये पाठ्यक्रम छात्रों को स्वरोजगार एवं निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए तैयार कर रहे हैं तथा उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप मानव संसाधन तैयार करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं. इस अवसर पर महाविद्यालय की कोऑर्डिनेटर आकांक्षा सिंह भी मौजूद रही. बैठक को संबोधित करते हुए बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री रामलाल खेतान ने कहा कि बिहार में उद्योगों के विकास की असीम संभावनाएं हैं. उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित कर स्थानीय स्तर पर उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जा सकता है, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी. एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री डीपी सिंह एवं उपाध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल ने अपने संबोधन में भोजपुर जिले में औद्योगिक ढांचे को सुदृढ़ करने, निवेशकों को आकर्षित करने तथा युवाओं को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया.

# समन्वय से उद्योग को मिलेगा बढ़ावा



जगदीशपुर के हरिगांव में बुधवार को बीआईए की कार्यकारिणी परिषद की बैठक में शामिल सदस्य।

**आरा, एक संवाददाता।** जगदीशपुर के हरिगांव स्थित टीएन अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सभागार में बुधवार को बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (बीआईए) की कार्यकारिणी परिषद 2025-26 की चौथी बैठक हुई।

बैठक में एसोसिएशन के शीर्ष पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य व स्थानीय प्रतिनिधि शामिल हुए। बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रामलाल खेतान ने कहा कि बिहार में उद्योगों के विकास की असीम संभावनाएं हैं। शिक्षण संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित कर स्थानीय स्तर पर उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जा सकता है। इससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

उपाध्यक्ष डीपी सिंह व पुरुषोत्तम अग्रवाल ने भोजपुर में औद्योगिक ढांचे को सुदृढ़ करने, निवेशकों को आकर्षित आवश्यकता पर बल दिया। महासचिव अमरनाथ जायसवाल, कोषाध्यक्ष सीए अरविंद कुमार, पूर्व अध्यक्ष केपीएस केशरी ने शिक्षा और उद्योग के संयुक्त प्रयासों को समय की जरूरत बताया। कॉलेज के अध्यक्ष डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने कहा कि आने वाले समय में क्षेत्रीय विकास तभी संभव है, जब उद्योग, शिक्षा और कौशल विकास सिन्हा ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कॉलेज की शैक्षणिक संरचना, आधुनिक सुविधाओं एवं संचालित वोकेशनल और स्किल आधारित पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर कॉलेज की कोऑर्डिनेटर आकांक्षा सिंह भी मौजूद थीं। संचालन मास्टर ऑफ सेरेमनी मनीष कुमार तिवारी ने किया। धन्यवाद

# जिला क्रिकेट संघ की आमसभा में लिये कई निर्णय




जिला क्रिकेट संघ की वार्षिक आमसभा में अध्यक्ष कृष्ण मुरारि अग्रवाल और अन्य।

**आरा, निज प्रतिनिधि।** तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज में जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष कृष्ण मुरारी अग्रवाल की अध्यक्षता में भोजपुर जिला क्रिकेट संघ की वार्षिक आम सभा आयोजित हुई। पूर्व की आम सभा में लिये गये निर्णय की संपुष्टि की गई। संघ के सचिव आलोक कुमार ने सदन के सामने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने क्रिकेट के सभी पहलुओं पर विचार व्यक्त किये।

कोषाध्यक्ष विवेक कुमार ने पिछले सत्र का लेखा-जोखा ऑडिटेड रिपोर्ट एवं इस वर्ष का बजट साथ ही फरवरी माह में होने वाले टूर्नामेंट में अनुमानित खर्च को भी उन्होंने सदन के सामने रखा। उनके एसोसिएट को अगले सत्र के लिए भी ऑडिटिंग के लिए सर्वसम्मति से सहमति बनी। पूर्व सचिव की ओर से किये जा रहे क्रियाकलापों के बारे में भी चर्चा की गई। उनसे भोजपुर जिला क्रिकेट संघ का सभी दस्तावेज, ट्रॉफी, बैंक के कागजात वापस करने का आग्रह किया गया। भोजपुर जिला क्रिकेट संघ के संविधान में संशोधन करने की भी चर्चा की गई।

संघ के उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा ने भोजपुर जिला क्रिकेट संघ के इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में चर्चा की और इसकी बेहतरी के बारे में सुझाव भी दिया। अध्यक्ष कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने फरवरी माह में होने वाले टूर्नामेंट को शानदार तरीके से संपन्न कराने पर अपने विचार रखे।



देशी खेल महोत्सव प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी।

# पांच दिवसीय खेल महोत्सव का समापन

**आरा, निप्र।** तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हरिगांव में 25 से 29 नवंबर तक आयोजित देशी खेल महोत्सव का शनिवार को समापन हुआ। आयोजन में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न देशी और पारंपरिक खेलों में उत्साहपूर्ण भागीदारी की।

महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने कहा कि देशी खेल हमारे सांस्कृतिक मूल्यों की जीवंत धरोहर हैं। प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की।। मौके पर महाविद्यालय फाउंडेशन की कोऑर्डिनेटर आकांक्षा सिंह भी मौजूद रही। महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल व प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय की ओर से संयुक्त रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। संयोजन प्रमोद कुमार एवं दीपक कुमार ने किया।

# टीएन कॉलेज का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना




तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव के वार्षिकोत्सव का उद्घाटन करते प्राचार्य और अन्य।

**आरा, निज प्रतिनिधि।** तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव में सोमवार को महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव साकार: 4 का भव्य आयोजन किया गया।

उद्घाटन प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय एवं मैनेजमेंट कमेटी के सम्मानित सदस्यई धीरेंद्र सिंह, रमाकांत चौबे और रवि कुमार की ओर से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। प्राचार्य डॉ राहुल ने स्वागत भाषण के बाद सत्र की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों, परीक्षाफल, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। चेयरमैन डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल का जन्मदिवस भी मनाया गया, जिससे कार्यक्रम का उत्साह और बढ़ गया। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज निर्माण का सशक्त उपकरण है। शिक्षक राष्ट्र की नींव होते हैं और भावी शिक्षकों को नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं नवाचार के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए छात्रों को निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। वार्षिक ई पत्रिका के अष्टम संस्करण का विमोचन प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय ने किया। पत्रिका के संपादक डॉ. मनोज कुमार उपाध्याय ने इसमें कॉलेज की गतिविधियों को दर्शाया है। वार्षिकोत्सव के अवसर पर पूर्ववर्ती छात्रों का सम्मेलन भी आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और वर्तमान छात्रों का मार्गदर्शन किया।

THE ECHO OF INDIA·SRI VIJAYA PURAM
*Wednesday • January 21, 2026*

# Maternity Benefit Act, 1961
## A Law Every Working Woman Must Know

**Venkatesh Kumar Singh**

Motherhood is a natural and dignified phase in a woman's life, yet for working women it often becomes a period of anxiety due to fear of job loss, salary cuts, or workplace discrimination. To address this injustice and to protect the dignity, health, and employment of women, the Indian Parliament enacted the Maternity Benefit Act, 1961. Despite being a welfare legislation, lack of awareness continues to deprive many women of their rightful benefits. The purpose of this article is to explain the law in simple terms so that every working woman understands her legal rights.

Purpose and Significance of the Act

The primary objective of the Maternity Benefit Act is to regulate the employment of women during pregnancy and after childbirth and to ensure that they are not forced to choose between motherhood and employment. The Act recognizes maternity as a social function and places responsibility on employers to support women during this crucial phase. The Supreme Court of India has repeatedly emphasized that maternity benefits are part of the right to life and dignity under Article 21 of the Constitution. In Municipal Corporation of Delhi v. Female Workers (2000), the Court held that even casual and temporary women workers are entitled to maternity benefits, highlighting the social justice character of the law.

Applicability of the Act

emphasized that maternity benefits are part of the right to life and dignity under Article 21 of the Constitution. In Municipal Corporation of Delhi v. Female Workers (2000), the Court held that even casual and temporary women workers are entitled to maternity benefits, highlighting the social justice character of the law.
Applicability of the Act

The Act applies to factories, mines, plantations, shops, and establishments employing ten or more persons. It covers women working in both the public and private sectors, including contractual and temporary employees, provided they satisfy the eligibility conditions. To claim maternity benefits, a woman must have worked for at least 80 days in the twelve months preceding the expected date of delivery. Importantly, the Act does not differentiate between permanent and non-permanent employees, reinforcing the principle of equality.

Duration of Maternity Leave

One of the most significant changes came through the Maternity Benefit (Amendment) Act, 2017, which enhanced maternity leave from 12 weeks to 26 weeks paid leave for women with up to two surviving children. Out of these, not more than 8 weeks can be taken before the expected date of delivery. For women with two or more children, maternity leave is limited to 12 weeks. The law also extends benefits to adopting mothers and commissioning mothers (surrogacy), granting them 12 weeks of leave from the date the child is handed over.

Payment and Other Monetary Benefits

During maternity leave, a woman is entitled to full wages, calculated based on the average daily wage for the period of actual absence. In addition, the Act provides for a medical bonus if the employer does not provide pre-natal and post-natal care. The Act strictly prohibits employers from reducing wages or altering service conditions during pregnancy. Any such act is illegal and punishable under the law.

Protection Against Dismissal and Discrimination

One of the most crucial safeguards under the Act is protection from dismissal or termination during maternity leave. An employer cannot discharge or dismiss a woman employee on account of pregnancy. If such termination occurs, it is void and illegal. The Act also prohibits assigning arduous or hazardous work that could harm the health of the woman or the unborn child. These provisions ensure that pregnancy does not become a ground for exploitation or victimization at the workplace.

Creche Facility and Work-from-Home

Recognizing the challenges faced by working mothers, the 2017 amendment introduced the provision of a creche facility for establishments employing 50 or more employees. Women are allowed four visits a day to the creche, including rest intervals. Further, the law encourages work-from-home options, where the nature of work permits, after the maternity leave period. Though discretionary, this provision reflects a progressive approach toward work-life balance.

Penalties for Non-Compliance

The Maternity Benefit Act is not merely advisory in nature. Employers who

intervals. Further, the law encourages work-from-home options, where the nature of work permits, after the maternity leave period. Though discretionary, this provision reflects a progressive approach toward work-life balance.
Penalties for Non-Compliance
The Maternity Benefit Act is not merely advisory in nature. Employers who

violate its provisions may face imprisonment up to one year, or fine up to ?50,000, or both. Despite this, many employers, particularly in the private and informal sectors, continue to ignore the law, underscoring the need for awareness and enforcement.

Challenges in Implementation

While the law is progressive on paper, its implementation remains uneven. Women in the informal sector, domestic work, and gig economy are often excluded from its benefits. Fear of retaliation, lack of awareness, and weak enforcement mechanisms further compound the problem.

Conclusion

The Maternity Benefit Act, 1961 is a landmark legislation that upholds the dignity, health, and economic security of working women. However, a law is meaningful only when people are aware of it and empowered to enforce it. Every working woman must know that maternity is not a privilege granted by employers, but a legal right guaranteed by law. Legal awareness, supportive workplaces, and strict enforcement are essential to ensure that no woman is forced to choose between her career and motherhood. Protecting maternity is not just about protecting women-it is about protecting the future of society itself.

The writer is an independent thinker from Port Blair, A & N Islands. He can be reached by mail vksingh@uohyd.ac.in.






**E-news देखने के लिए कृपया वेब साइट पर जाये**

**https://tnace.ac.in/**